दिन– गुरुवार दिनांक– 31 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने को कहा है। लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले पच्चीस वर्ष में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय एकता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से एक राष्ट्र की भावना को निरन्तर मज़बूत कर रही है। राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जो राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही है। श्री मोदी ने नागरिकों से अनुरोध किया कि सज़ग रहें और भारत की एकता में विविधता की भावना को आत्मसात करें। देश को एक करने के लिए सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती अगले दो वर्ष तक देशभर में मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने एकता नगर में स्टेचु ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पाजंलि अर्पित की और लोगों को एकता दिवस की शपथ दिलाई।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। यह दिन राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पटना स्थित आईजीआईएमएस परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धा–सुमन अर्पित किये। इधर, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी की योगदानों को याद किया।

———————————————————————

वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आर.सी.पी. सिंह ने अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया है। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आज श्री सिंह ने आप सब की आवाज–आसा नाम से नई पार्टी के गठन की घोषणा की। इसके साथ ही तीन रंगों वाले पार्टी के झंडे का भी अनावरण किया। गौरतलब है कि आर.सी.पी. सिंह जदयू में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गये थे।

————————————————————————

दीपों का त्योहार दीपावली आज पारंपरिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर धन की देवी लक्ष्मी और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा–अर्चना की जाती है। दीपावली को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। लोग सुबह से ही पूजा सामग्रियों की खरीदारी में जुटे हुए हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि बाजारों में फुल–मालाओं, लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियां, पूजन सामाग्री, सजावट के सामान और मिठाईयों की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दीपावली के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरा गांव में अगलगी की घटना में दो लोगों की झुलसकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये घटना गैस सिलेंडर में लीक के कारण हुई है।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के सहोदरा में पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक तस्कर को करीब अड़तालीस किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

अररिया जिला अंतर्गत कुर्साकांटा थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के सरगना समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

मधुबनी जिले में उत्पाद अधीक्षक विजय कांत ठाकुर के निर्देश पर शराब माफिया के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अट्ठाईस अलग–अलग स्थानों से भारी मात्रा में शराब के साथ चौदह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।